हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 30 अप्रैल 2025

तापमान

अधिकतम 42.2 डिग्री

न्यूनतम 21.3 डिग्री

11 थानेसर में मुंबई की तर्ज पर लगेंगी ट्रेफिक लाइट्स



12 है प्रीत जहां की रीत सदा, मैं गीत वहां के गाता हूं...



## खबर संक्षेप

### थाना सिटी का लापरवाह एसएचओ लाइन हाजिर

**पानीपत।** पुलिस कप्तान लोकेंद्र सिंह ने लापरवाही के आरोप में थाना सिटी के एसएचओ इंस्पेक्टर अनिल हुड्डा को लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं एसपी सिंह ने सब इंस्पेक्टर कुलदीप को थाना सिटी का चार्ज दिया है। इधर, अनिल हुड्डा करीब चार माह पहले ही सिटी थाना के एसएचओ नियुक्त हुए थे। इधर, एसपी सिंह ने बताया कि एक ई-रिक्शा में सवार व्यक्ति के दो लाख रुपए चोरी हो गए थे। इस मामले में चोरी करने वाली चार महिलाओं की पहचान हो गई थी। इन महिलाओं की गिरफ्तारी के आदेश अनिल हुड्डा को दिए गए, लेकिन अनिल ने महिलाओं को नहीं पकड़ा और वे फरार हो गई। एसपी सिंह ने बताया कि इसके अलावा भी कई कामों में अनिल हुड्डा ने लापरवाही बरती।

### किवाना गांव में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक

**पानीपत।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से दुखी पानीपत के गांव किवाना की ग्राम पंचायत से गांव में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। गांव में बाहरी व्यक्तियों का आईकार्ड देखने के बाद ही अंदर प्रवेश दिया जाएगा। ये आदेश सरपंच चैनपाल छौक्कर की ओर से जारी किया गया है। वहीं सरपंच छौक्कर के इस निर्णय की गांव किवाना के ग्रामीणों ने सरहाना की। इधर, सरपंच चैनपाल छौक्कर ने बताया कि गांव किवाना में आतंरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगाई है।

### बराना के लापता युवक का नहीं लगा सुराग

**पानीपत।** पानीपत के गांव बराना निवासी 22 वर्षीय युवक सुनील का अभी तक सुराग नहीं लगा। सुनील 11 अप्रैल से लापता है। परिजनों द्वारा हर संभव स्थल पर तलाश पर उसकी तलाश की गई। लेकिन उसका पता नहीं चला। जबकि थाना 13-17 पुलिस ने सुनील की गुमशुदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### 12 लाख रुपये की ठगी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने मार्केट बोर्ड कॉलोनी निवासी साहिल को विदेश भेजने के नाम पर 12 लाख रूपए की धोखाधड़ी करने के केस में अमित निवासी गांव गोली जिला करनाल को गिरफ्तार किया है।

### चोरी के केस में दो महिलाएं पकड़ी

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने हुडा सेक्टर 18 निवासी जयदीप दहिया के घर में से 3 लाख 70 हजार रूपए चोरी मामले में आरोपी नाबालिग मेड सहित दो आरोपियों संतोष निवासी गांव निजामपुर पानीपत को गिरफ्तार किया। थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी राकेश ने बताया कि इस मामले में जयदीप दहिया क शिकायत पर केस दर्ज है।

# भारतीय सोच को लेकर शिक्षक तैयार करने से ही होगा विश्व का कल्याण: ढांडा

- दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि विश्व का कल्याण तभी होगा जब भारतीय सोच को लेकर भावी शिक्षक तैयार किए जाएंगे। इसी सोच के तहत पूरी दुनिया के सामने हमने लक्ष्य रखा है कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाएंगे। विकसित भारत का रास्ता शिक्षकों ने तय करना है क्योंकि शिक्षा हर विषय के मूल में हैं। जब शिक्षक अपना धर्म निभाते हुए अच्छे शिष्य तैयार करेंगे और वो शिष्य उच्च शिक्षा ग्रहण कर भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में आगे बढेंगे तो निश्चित तौर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो सपना देखा है वह विकसित भारत का सपना 2047 में साकार होगा। हमें अपने संकल्प को सिद्धि तक ले जाना है। तभी विश्व में आदर्श भारत



कुरुक्षेत्र। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को स्मृति चिहन भेंट करते एनसीटीई के चेयरपर्सन प्रो. पंकज अरोड़ा।

का निर्माण होगा। पूरे विश्व में भारत की नई पहचान बनी है व भारत ने पूरे विश्व को नई दिशा दी है।

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में ऑडिटोरियम हॉल में नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन, हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि भारत के विकास में कौशल आधारित शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है।

### नवीन चिंतन की जरूरत

हमें मजबूत राजनीतिक सोच व छात्रों की प्रतिभा को पहचान कर आगे बढ़ना होगा। भारत की सोच बदल रही है। भारत के साथ नवीन चिंतन के साथ आगे बढ़ना होगा। किसी भी कालखंड में हम कमजोर नहीं थे। हम डटे रहे व मुकाबला किया। भारत की परम्परा को आगे बढ़ाकर विश्व गुरु बनाना हमारा संकल्प है। इस संकल्प को सिद्धि तक ले जाना हमारा कर्तव्य है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि आज दुनिया में कब्जा करने की होड़ लगी हुई है। संवेदनाएं समाप्त हो गई है। सारी दुनिया को भारत ने चुनौती दी है। भारतीय सोच जीवन दर्शन को आगे बढ़ाना है हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया, किसी के जीवन में दखल नहीं दी। हमारे आचार-व्यवहार से किसी को नुकसान नहीं हुआ।

### सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाना संकल्प

हमारा संकल्प देश को शान्ति प्रदान करना है। हमारे विचार के कारण सारी दुनिया हमारे आगे झुक रही है। हमें चुनौतियों का सामना कर आगे बढ़ना है। अपने अंदर संकल्प व ईमानदारी लेकर आगे बढ़ना है। शिक्षक का कार्य व्यक्ति निर्माण करना है। भारत का नवनिर्माण कर दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाना हमारा संकल्प है।

### शिक्षक ही सही मायने में भविष्य निर्माता: सचदेवा

समापन सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मुख्यातिथि हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षक ही असली मायने में देश के भविष्य का निर्माता है। अगर युवा देश का भविष्य है तो इन युवाओं का निर्माण करना ही गुरुजनों के हाथ में है। इस दो दिवसीय सम्मेलन का भी यही उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के नेतृत्व में केयू ने एनईपी 2020 को सभी प्रावधानों के साथ अपने यूजी एवं पीजी सहित संबंधित महाविद्यालयों में पूरे देश में सर्वप्रथम लागू किया गया। भारत विश्व का सबसे युवा देश है जहां 15 से 29 आयु के 37 करोड़ युवा हमारी ताकत है और इस ताकत के सही उपयोग की जिम्मेदारी शिक्षक की है। इस युवा शक्ति के माध्यम से ही विजन 2047 के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# गीता के उपदेश आज भी पूरी तरह प्रासंगिक: प्रो. अरोड़ा



- नौ राज्यों के प्रतिनिधिमंडल ने लिया ब्रह्म सरोवर पर आयोजित आरती कार्यक्रम में भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन, हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में नौ राज्यों के भाग लेने वाले प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार देर सायं ब्रह्म सरोवर पर पूजा-अर्चना की और आरती में भी शामिल हुए। इस अवसर पर एनसीटीई के चेयरमैन प्रो. पंकज अरोड़ा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की इस पावन धरा पर पांव रखते ही आध्यात्मिकता और भगवान श्रीकृष्ण आशीर्वाद की अनुभूति होती है। इस धरा पर हजारों वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के उपदेश दिए, जो आज भी पूर्णतः प्रासंगिक है। इन उपदेशों का अनुसरण करने के लिए पूरे विश्व के नागरिकों को भी प्रेरित और जागरूक करने की जरूरत है। ब्रह्म सरोवर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड (केडीबी) की ओर से मदन मोहन छाबड़ा, अशोक रोशा एवं ऋषिपाल मथाना ने एनसीटीई के चैयरमेन प्रो. पंकज अरोड़ा, एनसीटीई की सदस्य सचिव अभिलाषा झा मिश्रा सहित सभी विद्वानों का सम्मान किया। इस अवसर पर प्रो. दिनेश कुमार, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. संगीता धीर सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

# डीसी ने पीएम रैली स्थल का किया दौरा

- अधिकारियों को दिए किसानों की भूमि समतल करने, पानी की पाइल लाइन व बिजली की व्यवस्था ठीक करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। गांव कैल में अधिकारियों को निर्देश देते जिला उपायुक्त।

जिला उपायुक्त ने गांव कैल में आयोजित हुई प्रधानमंत्री रैली स्थल को दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने किसानों से बात कर अधिकारियों को जमीन को समतल करने, पानी की पाइप लाइन व बिजली की व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिए। ध्यान रहे कि 14 अप्रैल को गांव कैल में प्रधानमंत्री कर रैली थी। जिसको लेकर किसानों के खेतों को सरकार द्वारा लिया गया था। रैली को हुए करीब दो सप्ताह का समय हो गया है। इसके बावजूद भी किसानों के खेतों को समतल नहीं किय गया था। जिसको लेकर किसानों में रोष था। उपायुक्त ने कहा कि किसानों को जमीन उसी स्वरूप में दी जाएगी जैसी वह थी। जमीन को पूर्ण रूप से कृषि योग्य बनाकर दिया जाएगा। किसानों ने इसके लिए उपायुक्त के प्रति आभार व्यक्ति किया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आठ मई तक कच्ची सड़क को उठवाकर किसानों की भूमि में उपजाऊ मिट्टी डलवाकर दें। उन्होंने पब्लिक हैल्थ के अधिकारियों व कानूनगो को निर्देश दिए कि किसानों की भूमि में जहां पानी की पाइप लाइन की मरम्मत करनी है या होदी बनवानी है यह कार्य जल्द पूरा कर लें।

# आग से 100 एकड़ में खड़े फसल अवशेष राख

- किसान बोले हजारों रुपये का हुआ नुकसान, अब बाजार से खरीदना पड़ेगा भूसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अचानक लगी आग की वजह से मंगलवार को चौड़मस्तपुर और मुज्जफरा गांव में लगभग 100 एकड़ के खेतों में फसल अवशेष जलकर राख हो गए। सुबह करीब 9:30 बजे आगजनी की यह घटना हुई। तेज हवाओं की वजह से आग ने विस्तार लिया था। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने 3 घंटे में आग पर काबू पाया। किसान सुनील शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 9:00 बजे गांव मुजफ्फरा में यह आग शुरू हुई।



अंबाला। आग बुझाते दमकम कर्मचारी।

तेज हवा के चलने से यह आग लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में फैल गई। आग की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों से आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग पर काबू पाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों के अनुसार यह आग बिजली के तारों से लगने की आशंका है। हालांकि अब इस मामले में आग के कारणों की जांच भी की जाएगी। इसके बाद ही कुछ स्पष्ट होगा। उन्होंने बताया कि खेतों के पास से काफी नीचे स्तर पर बिजली की लाइन जा रही हैं। यही कारण हो सकता है कि जिससे आग लगी हो।

### तीन घंटे में काबू पाया

डीएफओ पंकज पराशर के अनुसार आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां तुरंत मौके पर रवाना की थी। आग पर 3 घंटे में काबू पाया गया। आग बुझाने में सबसे ज्यादा परेशानी तेज हवा के चलते हुई। तेज हवा के चलने से आग दूर तक फैलती जा रही थी। लेकिन फिर भी दमकल कर्मियों की सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया है कि इससे दोनों गांव के कई किसानों को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है।

# परमवीर को टोरंटो विवि में यूटीएम लीडरशिप अचीवमेंट अवॉर्ड मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के होनहार छात्र परमवीर सिंह ने यूटीएम लीडरशिप अचीवमेंट अवॉर्ड इन ग्लोबल एंड इंटरकल्चरल एंगेजमेंट प्राप्त कर शहर का नाम गर्व से रोशन किया है। यह पुरस्कार समारोह कनाडा के नंबर एक विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो के परिसर में आयोजित हुआ। परमवीर सिंह वर्तमान में यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और उन्हें विश्वभर के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली प्रतिष्ठित लेस्टर बी. पीयर्सन इंटरनेशनल स्कॉलरशिप मिली हुई है। सेंट थ्रेसा



कॉन्वेंट स्कूल, करनाल के पूर्व छात्र परमवीर की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार को बल्कि उनके स्कूल और पूरे शहर को भी गर्व और खुशी से भर दिया है।

यह पुरस्कार हर वर्ष किसी ऐसे विद्यार्थी को प्रदान किया जाता है जो वैश्विक जुड़ाव, अंतरसंस्कृति संवाद और समावेशी नेतृत्व को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

# पूर्वोत्तर की संस्कृति का परिचय दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा द्वारा संचालित भिवानी छात्रावास में पूर्वोत्तर राज्यों से आकर एकलव्य छात्रावास में शिक्षण संस्कार ग्रहण कर रहे बाल गोपालों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से पूर्वोत्तर की संस्कृति का परिचय कराया। पूर्वोत्तर के छात्रों ने हरियाणवी एवं लोक नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इधर, वनवासी कल्याण आश्रम के सौम्याजुलु अखिल भारतीय मार्गदर्शक ने वनवासी कल्याण आश्रम की 1952 से आरम्भ हुई यात्रा द्वारा 12 करोड़ वनवासी बन्धुओं के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों का चित्र प्रस्तुत किया। वनवासी





पानीपत। आर्य कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते पूर्वोत्तर के युवा।

कल्याण आश्रम द्वारा संचालित शिक्षा, चिकित्सा, कृषि विकास, आर्थिक विकास, धर्म जागरण, खेल-कूद जैसे 22 हजार सेवा प्रकल्पों द्वारा दो करोड़ वनवासी बन्धुओं को लाभांवित किया जा रहा है। वहीं, कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में पधारे अजय बंसल ने अपने राष्ट्र कल्याण के कार्यों की प्रशंसा की एवं समाज के समर्थ लोगों से आर्थिक सहयोग के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर अथितियों नितिन जिंदल, राजीव जैन, जसविंद्र सिंह, राहुल विज जी ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की। जबकि पहलगाम में हुई आंतकी घटना की निंदा करते हुए दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना की।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

- गांव औरंगाबाद के पास हादसा घायल का चल रहा इलाज
- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

गांव औरंगाबाद के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव शादीपुर में रहने वाले अजीत बर्मन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका दोस्त 21 वर्षीय दिलोर हुसैन अपने साथी सलीम के साथ किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव औरंगाबाद के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने उन दोनों को टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उन दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान दिलोर हुसैन की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# अलग-अलग स्थानों पर युवती व नाबालिग से रेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर युवती व नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 23 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही फरमान के साथ दोस्ती थी। गत 14 मार्च की रात को एक बजे आरोपी युवक उनके घर पर आया। आरोपी युवक उसे बहला कर अपने साथ घर के बाहर बने कमरे में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। आरोपी ने उसे इस बारे में बताने पर उसके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी। डर के कारण उसने घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। इसके बाद आरोपी फिर से उस पर गलत काम करने का दबाव बनाने लगा। परेशान होकर उसने आरोपी के बारे में परिजनों को बताया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

वहीं दूसरी ओर छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 अप्रैल को शाम सात बजे वह गांव में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान उनके गांव के ही युवक अरसद ने उसे पकड़ लिया। आरोपी ने उसके कपड़े फाड़ दिए, मारपीट की और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। उसके शोर मचाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसने मामले की सूचना परिजनों को दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## अनाज मंडियों में गेहूं की आवक हुई कम

# किसानों को 410 करोड़ का भुगतान, 20 करोड़ लंबित

- 51 हजार से ज्यादा किसान मंडियों में बेच चुके हैं फसल, डीसी बोले मंडियों में बची गेहूं का जल्द उठान करें एजेंसियां
- खाद्य आपूर्ति विभाग ने 21080 एमटी, फुड फार्मर ने 3463 एमटी, हैफेड ने 194255 एमटी की खरीद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गेहूं की आवक कम होने से मंडियों में उठान को तेजी मिली है। इसके साथ ही भुगतान में भी तेजी देखने को मिल रही है। अभी तक मंडियों में 51 हजार से अधिक किसान अपनी फसल लेकर पहुंचे हैं। जिनमें से 41 हजार किसानों का भुगतान पूरा हो



अंबाला शहर मंडी में फसल के हालात। *फोटो : हरिभूमि*

चुका है। तीनों एजेंसियों की ओर से किसानों को 410 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं अभी किसानों का 20 करोड़ रुपये का भुगतान बाकी है। इन दिनों मंडियों में 10 से 15 किसान फसल लेकर पहुंच रहे हैं। मंगलवार तक मंडियों से 19 लाख 53 हजार 890 क्विंटल गेहूं का उठान पूरा हो चुका है। अभी तक जिला अंबाला में 24 लाख 94 हजार 264 क्विंटल गेहूं की आवक पूरी हो चुकी है। उठान के आंकड़े को देखें तो मंडियों से करीब 80 प्रतिशत उठान पूरा हो चुका है। आवक कम होने के चलते अब मंडियों में पहले की तरह जाम की स्थिति नहीं बन रही है।

### जिले की 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर 238382.3 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले की 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 238382.3 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद पूरी कर ली गई है। एजेंसियों द्वारा अब तक 82.0 प्रतिशत के साथ 195389 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया हैं। उपायुक्त सभी एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि गेहूं खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ उन्होंने किसानों को उनकी फसल की भुगतान राशि को निर्धारित समयावधि के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। अब तक अंबाला छावनी से 14775 एमटी, अंबाला शहर से 57272 एमटी, नन्यौला मंडी से 7617 एमटी, मुलाना मंडी से 24000 एमटी, साहा मंडी से 24050 एमटी, बराड़ा मंडी से 27500 एमटी गेहूं खरीदा जा चुका है। केसरी मंडी से 3074 एमटी, सरदेहड़ी मंडी से 5614 एमटी, उगाला मंडी से 2910 एमटी, तलहेड़ी मंडी से 11530 एमटी, शहजादपुर मंडी से 16897 एमटी, कड़ासन मंडी से 9750 एमटी, नारायणगढ़ मंडी से 26121.3 एमटी, बेरखेड़ी मंडी 4471 एमटी व भरेड़ीकलां से 2801 एमटी गेहूं की खरीद हुई है।

### नहीं हो रहा उठान

सिटी अनाज मंडी में रेलवे लाइन की तरफ से पहले उठान किया जा रहा है। यहां पर चोरी का डर बना रहता है। उठान में तेजी के चलते यहां पर काफी जगह खाली हो गई है। इसके साथ ही सिटी नई अनाज मंडी में 90 प्रतिशत उठान पूरा हो चुका है। गौरतलब हे कि पहली मई तक मंडी में सारे शेड खाली हो जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### गीता विद्यालय में धूमधाम से मनाया एक्टिविटी डे

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भागवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड कुरूक्षेत्र में छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए एक्टिविटी डे का आयोजन किया गया। इस दिन विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें फुटबॉल, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल शामिल थीं। इन तीनों प्रतियोगिताओं में कुल 24 टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक खेल में 8 टीमें रही। विद्यालय के शारीरिक अध्यापक राजीव व भूपेंद्र ने बच्चों को खेल खिलाए। फुटबॉल प्रतियोगिता में आठवीं ए ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सातवीं बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में आठवीं सी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं के बाद, विद्यार्थियों को शिवाजी के बेटे के जीवन पर आधारित फिल्म /"छावा/" दिखाई गई।

### सीजेएम ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एव सचिव नीतिका भारद्वाज ने सेफ हाउस कुरुक्षेत्र का दौरा किया। वहां पर उन्होंने कपलस से बातचीत की और उनके कमरों का निरीक्षण किया और उनको दिए जाने वाले भोजन का जायजा लिया। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एव सचिव मिस नीतिका भारद्वाज ने उद्यान केयर होम सैक्टर 7 कुरुक्षेत्र का विजिट किया। वहाँ पर उन्होंने बच्चों से बातचीत की और बच्चों के कमरों का निरीक्षण किया और उनको दिए जाने वाले भोजन का जायजा लिया।

### परीक्षाओं की तैयारी के लिए खोलेंगें इंस्टीट्यूट

**कुरुक्षेत्र।** जाट धर्मशाला चुनाव के प्रधान पद के उम्मीद्वार कृष्ण श्योकंद ने कहा है कि आने वाले समय मे जाट धर्मशाला मे यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षाओं की तैयारी के लिए इंस्टीट्यूट खोला जाएगा ताकि जरूरतमंद परिवारों के बच्चे कोचिंग के अभाव मे न रहें व यूपीएसई जैसी परीक्षा पास कर देश की सेवा कर सकें। खेलों में युवा वर्ग आगे बढे, इसके लिए भी बेहतरीन प्रयास किए जाएंगें। इस मौके पर उनके साथ उनके पैनल के उपप्रधान पद के उम्मीदवार बन्नी सिंह ढुल लोहारमाजरा, सचिव पद के हरकेश रहे।

# सावधान! सेहत के लिए खतरनाक साबित हो रही हैं रंगीन सब्जियां

- फलो को भी रंगा जा रहा है खतरनाक रसायनों से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

देश में जिस तेजी से कैंसर फैल रहा है। हर तरह का कैंसर लोगों को मौत की तरफ अग्रसर कर रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण खाने के सामान में अंधाधुंध रसायन का प्रयोग होना है। इन दिनों सब्जियों को ताजा दिखाने के लिए व्यापारियों और किसानो पर सब्जियों को रंगने का जुनून सवार है। ताकि उनकी सब्जी बिक सके।



जो सब्जियां सूख जाती हैं या उनका रंग भद्दा हो जाता है। उन सब्जियों को रसायनिक रंगो से रंग दिया जाता है। बाजार में हरी भिंडी, हरे मटर के दाने, लाल टमाटर, हरे करेले और टिंडे, कच्ची आमी के साथ-साथ अन्य रंगो क सब्जियां चटकदार दिखाई देती है। प्राकृतिक तौर पर इतनी रंगीन सब्जियां नहीं होती। इन सब्जियों के पीछे खतरनाक रसायनों का आवरण चढ़ा होता है। वहीं पर यदि फलो की बात की जाएं तो आम, आढू, केले और अन्य फलो को भी कैमिकल से पकाया जाता रहा है। आढू और कीवी के साथ-साथ लीची और अन्य रंगीन फलों को भी रंग दिया जाता है। आढू को साफ करने के लिए फल विक्रेता जिस रसायन का उपयोग करते है तो उससे कैंसर का खतरा बना रहता है। इन सबसे अंजान स्वास्थ्य विभाग मूक दर्शक बनकर इन सबको देख रहा है। औपचारिकता पूरी करने के लिए मिठाई की दुकानो और होटलो मे तो छापे मारे जाते है। लेकिन रंगीन फलो और सब्जियों को पकडने के लिए कहीं भी छापामार कार्रवाई नहीं होती। आम और केले को पकाने के लिए जिस कैल्शियम कार्बाइट का प्रयोग किया जाता है। उससे एसिटलीन गैस निकलती है। जो हवा पकड़ते ही खतरनाक हो जाती है। इससे वेल्डिंग की जाती है। लेकिन केले को पकाने के बाद काफी बड़ा अंश इसके अन्दर रह जाता है। जो कि स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है।

### क्या कहते हैं चिकित्सक

रसायन रंगो से रंगीन सब्जियों और फलो को सेहत के लिए खतरनाक बताते हुए मेडिसिन स्पेशलिस्ट डा. नेत्रपाल रावल ने बताया कि यह सब्जियां कैंसर का भी कारण बन सकती है। इन सब्जियों को प्रयोग करने से पहले एक घंटा पूर्व पानी में डाल देना चाहिए। एक घंटे बाद इन्हें रगडकर साफ कपड़े से पौछकर उपयोग में लाना चाहिए। इन सब्जियों को सीधे उपयोग में नहीं लेना चाहिए। खासतौर पर खीरे और ककड़ी, टमाटर, केले और आमो को। उन्होंने बताया कि लोग अधिक रंगीन सब्जियां पसंद करते है। जबकि प्राकृतिक तौर पर इतनी रंगीन सब्जियां नहीं होती। लोगों को अच्छी तरह से इन्हें प्रयोग करना चाहिए। क्या कहते है सी.एम.ओ : सी.एम.ओ ने बताया कि समय-समय पर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। यदि उन्हें कोई शिकायत मिलती है तो वह कार्रवाई जरूर करते है। खाद्य निरीक्षकों द्वारा समय-समय पर फलो और सब्जियों के सैंपल भी लिए जाते है। यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाती

## लोगों का सड़क पर चलना हुआ दुश्वार, प्रशासन अनजान

# लिंक रोड पर सीवरेज की पाइप लाइन डालने के बाद मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

जीटी रोड के पास बनी विक्रम कालोनी, विश्वास कालोनी, डोडवा, दुर्गा कॉलोनी के लोगों को राहत देने के लिए दो महीने पहले जीटी रोड से रेलवे ओवरब्रिज तक सीवरेज की पाइप लाइन बिछाई गई थी। जिसके लिए जीटी रोड से ओवरब्रिज आने वाली मुख्य सडक़ की खुदाई कर उसे कुछ समय के लिए पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था लेकिन अब पाईप लाईन बिछाने का काम पूरा हो चुका है तथा खुदाई के बाद गडड्ों में मिट्टी भी भर दी गई है लेकिन सडक़ की मरम्मत का काम अधर में लटकने के कारण जहां उक्त रोड से गुजरने वाले ट्रक, कार, दुपहिया वाहन चालकों को




तरावड़ी। सीवरेज की पाईपलाईन डालने के बाद सडक़ के हालात।

परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ही सडक़ से आवाजाही हो रही है। वहीं उक्त सडक़ से उडऩे वाली धूल के कारण वहां पर बनी दुकानों के मालिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। काका, फौजी, पाल, सुरेन्द्र सीता राम, हरि चन्द दुकानदारों का कहना है कि सारा दिन धूल उडऩे के कारण उनकी दुकानों में मिट्टी ही मिट्टी हो जाती है तथा उन्हें कई बार अपनी दुकानों में सफाई करनी पड़ती है। वहीं धूल के कारण उनका काम भी आधा हो गया है। इसके अलावा जीटी रोड से शहर में आने वाले वाहन चालकों की आंखों में भी धूल जाती है जिस कारण वाहन चालक व पैदल आने-जाने वाले लोग परेशान है। दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि इस ओर ध्यान दिया जाए। जब इस मामले को लेकर लोक निर्माण विभाग के जेई रमेश देशवाल से बात की तो उन्होंने बताया कि उक्त सडक़ पर जनस्वास्थ्य विभाग ने सीवरेज के पाईप डाले है तथा हमारे विभाग के पास उक्त विभाग ने पैसे जमा करवा दिए है। हमने सडक़ के निर्माण का एस्टीमेट बनाकर विभाग के पास भेज दिया। वहां से अप्रूवल मिलने के बाद सडक़ का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जहां तक उक्त रोड पर धूल उडने का सवाल है तो उसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा उक्त रोड पर पानी का छिडक़ाव किया जा रहा है।

# गेहूं चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर ईंटों से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

थाना बुटाना क्षेत्र के गांव सीधपुर में पुलिस टीम पर हमले का मामला सामने आया है। पुलिस की टीम गेहूं चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंचे थे। आरोपी ने पुलिस टीम को देखते ही भागने की कोशिश की, लेकिन रेडिंग पार्टी ने उसे पकड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान आरोपी की मां, भाई और अन्य परिजनों ने पुलिस पर हमला कर दिया। आरोपी ने गली से उठाकर ईंट सीधी पुलिसकर्मी के सिर पर मारी, जिससे पुलिसकर्मी को गंभीर चोट आई। पुलिसकर्मी की वर्दी भी फाड़ दी गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम में पीएसआई संदीप, एएसआई संदीप, एचजीएच सुनील, एचजीएच योगेश, एचजीएच यगदत शामिल थे। सभी सरकारी गाड़ी से गांव सीध पुर में आरोपी कबीर की तलाश में निकले थे। जब टीम बस अड्डा सीध पुर पर पहुंची, तभी मुखबिर ने सूचना दी, कि कबीर अपने घर के आगे खड़ा है और यदि तुरंत कार्रवाई की जाए, तो उसे पकड़ा जा सकता है। पुलिसकर्मी सुनील को मेडिकल के लिए नीलोखेड़ी के सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। एचसी टेकचंद ने घटना की पूरी जानकारी बुटाना थाना को दी। जिसके आधार पर थाना बुटाना में कबीर, उसकी मां रविदा, भाई सलमान और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच नीलोखेड़ी चौकी में एएसआई भूपेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

### पुलिस ने पकड़ने की कोशिश की

जैसे ही टीम कबीर के घर के आगे गली में पहुंची, मुखबिर ने कबीर की पहचान करवाई। पुलिस को देख कबीर भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की, तो उसकी मां रविदा, भाई सलमान और अन्य परिजन गलीकबीर ने एचजीएच सुनील के सिर पर ईंट मारी, जिससे उसे गंभीर चोट आई। रविदा और सलमान ने अन्य परिजनों के साथ मिलकर पुलिस टीम के साथ हाथापाई की और सुनील कुमार की वर्दी फाड़ दी।

# विर्क हॉस्पिटल में नि:शुल्क हृदय जांच शिविर आज

- शिविर में प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डा. सूरज सिंह हृदय रोगियों को देंगे परामर्श

**करनाल।** सुख दुख दे साथी सभा एवं विर्क हॉस्पिटल करनाल द्वारा निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन 30 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। शिविर में प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सूरज सिंह हृदय रोगियों को परामर्श देंगे। यह जानकारी सुख दुख दे साथी सभा के महासचिव हरसिमरन वधवा, मोहित चावला, प्रोजेक्ट डायरेक्टर मोहित कुमार, हितेश मनोचा, सुभाष गांधी, सोमनाथ डाबर, राकेश खन्ना तर०सेम वटा, वरुण अरोड़ा, बोबी छाबड़ा ने दी। सभा के महासचिव हरसिमरन ने बताया कि शिविर का उद्घाटन करनाल के विधायक जगमोहन आनंद एवं नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता 10.30 बजे करेंगे। उन्होंने बताया कि यह शिविर 10 से 2 बजे तक लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, लिपिड प्रोफाइल और एचबीए 1 सी की निशुल्क जांच की जाएगी। शिविर में सीने में दर्द, सांस फूलना, पैरों में सूजन, चक्कर, बेहोशी, दिल की तेज धडकन, दिल की नसों में रुकावट, जन्मजात हृदय रोग, हार्ट में छेद, हार्ट वाल्व की बीमारी,



### परशुराम जयंती के पावन अवसर पर हवन-यज्ञ किया

**करनाल।** श्री गौड़ ब्राह्मण सभा जुंडला गेट करनाल द्वारा भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभा के सदस्यों द्वारा भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हवन-यज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान अरुण शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जी किसी समुदाय विशेष के आराध्य नहीं बल्कि सर्व समाज के भगवान है। इस मौके पर विशेष रूप से आए हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने कहा कि हिन्दु पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान परशुराम जी को विष्णु भगवान जी का छठा अवतार माना जाता है। इस मौके पर प्रसिद्ध समाज सेवी अमन शर्मा ने भी शिरकत की तथा भगवान परशुराम जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रमोद शर्मा, गोविंद शर्मा,आनंद शर्मा, राजेश कौशिक, सौरभ शर्मा ,वरुण शर्मा ,तरुण शर्मा ,मदन गोपाल ,विनोद शर्मा, अनिल शर्मा ,पवन शर्मा ,गौरव शर्मा ,बलराम शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जिला न्यायाधीश ने घरौंडा उप-मण्डल स्तरीय न्यायालय का किया उद्घाटन

- पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा मंगलवार को सब डिवीजन, घरौंडा पहुंचे जहां उन्होंने उप-मंडलीय स्तर पर न्यायालय का शुभारम्भ किया। इस मौके पर सी जे एम एवं सचिव व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन व अधिवक्तागण भी उपस्थित थे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया व रिबन काटकर न्यायालय उद्घाटन किया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा ने



बताया कि न्याय सब के लिए सुलभ करवाने के उद्देश्य से सब डिवीजन घरौंडा में न्यायालय की स्थापना की गई हैं। यह अदालत घरौंडा के सिविल जज (जूनियर डिवीजन) गौरांग शर्मा द्वारा सभी कार्य दिवस पर लगाई जाएगी। इसमें घरौंडा व आस पास के गांवों के सिविल व आपराधिक मुकदमे रखे जाएगे। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हेल्प डेस्क लगाकर उपस्थित लोगों को 10 मई को लगने वाली नेशनल लोक अदालत व साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी।

# सरकार किसानों से किए अपने वादों को पूरा नहीं कर रही: मेहला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने कहा है कि हरियाणा सरकार किसानों से किए अपने वादों को पूरा नहीं कर रही। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने वादा किया था किसानों को फसलों की पेमेंट 48 से 72 घंटे के भीतर की जाएगी। हैरानी और परेशानी की बात है कि किसानों को गेहूं की पेमेंट का भुगतान 10 से 12 दिन बीतने के बाद भी नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान पहले ही कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। खाद और दवाइयों के दाम आसमान छू रहे हैं। फसलों पर एमएसपी नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि किसानों को पेमेंट



बहादुर मेहला।

का भुगतान समय पर नहीं किया जाता तो वह आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हो जाता है। सरकार अधिकारियों को निर्देश जारी करे कि किसानों को पेमेंट का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए। इसी फसल के पैसे से किसान अगली फसल की तैयारी भी करता है। उसे खाद बीज दवाइयां ट्रैक्टर का डीजल बिजली का बिल मजदूर की मजदूरी सभी का पैसा इसी फसल से पूरा करना होता है। अगर इस फसल की पेमेंट लेट हो गई तो अगली फसल बिजाई के लिए किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

# भगवान परशुराम ने बेसहारा लोगों की रक्षा करके आतताई शक्तियों का किया खात्मा : अशोक अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर थानेसर के विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा के नेतृत्व मे सर्वजातीय समाज के गणमान्य लोगों ने रेलवे रोड स्थित भगवान परशुराम चौक पर माल्यार्पण कर भगवान परशुराम को पुष्पांजलि अर्पित की। अशोक अरोड़ा ने मंत्रोच्चारण के बीच पूजन किया। देश व प्रदेश वासियों को भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए अशोक अरोड़ा ने पत्रकारों से वातार्लाप करते हुए कहा कि भगवान



**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम चौक पर माल्यार्पण करते पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा व सर्वजातीय समाज के गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

परशुराम ने ऐसे समय मे कमजोर लोगों की मदद की जब कमजोर वर्ग के लोगों को यह मानकर छोड दिया जाता था कि इनकी तो कोई पहचान नही है। भगवान परशुराम ने कमजोर लोगों की मदद करके उचित मान सम्मान और स्थान दिलवाया। उस समय आतताई शक्तियों का बोलबाला था इन शक्तियों के अत्याचार से जनमानस दुखी था। भगवान परशुराम ने आतताई शक्तियों का खात्मा किया। उन्होने यह भी जानकारी दी कि कांग्रेस द्वारा 40 दिन तक संविधान बचाने के लिए जनता के बीच जाकर उन्हे जागरूक करने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत 4 मई को सायं 4 बजे पिपली रोड स्थित सटर्लिंग रिजोर्ट कुरुक्षेत्र मे जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

### सत्य और पराक्रम के सच्चे धारक परशुराम

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर वार्ड 29 थानेसर के कल्याण नगर में डॉ रामराज कौशिक द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर बोलते हुए पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भगवान परशुराम अधर्म के विनाश के लिए अन्याय के खिलाफ हमेशा लड़ते रहे वे सत्य और पराक्रम के सच्चे धारक थे वे शास्त्र और शस्त्र दोनों में निपुण थे। हर वर्ष की भांति आज वार्ड 29 में रामराज कौशिक के कार्यालय में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया जहां वार्ड के सैकड़ो सदस्य मौजूद रहे पूर्व मंत्री ने बोलते हुए कहा कि भगवान परशुराम जी ने अन्याय और धर्म के खिलाफ जो बीड़ा उठा रखा था उसकी आज भी हमें जरूरत है।

# ताऊ देवी लाल ने विश्व स्तर पर हरियाणा का मान बढ़ाया : सुरजीत शामगढ़

हरिभूमि न्यूज करनाल

आज इंडियन नेशनल लोकदल स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय शाखा ग्राउंड करनाल में पहुंचकर सर्वप्रथम पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए विनय नरवाल को पार्टी का झंडा झुकाकर मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पार्टी मुख्यालय पर इंडियन नेशनल लोकदल के स्थापना 29 अप्रैल 1998 को चौधरी देवी लाल की गई थी तो जिला कार्यालय पर झंडा फहराकर शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष



सुरजीत शामगढ़ ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जगत ताऊ देवीलाल एक महान आत्मा थे जिन्होंने 29 अप्रैल 1998 को इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी की स्थापना की जिसका उद्देश्य जनता व किसान समेत सभी वर्गों के हितों में कार्य करना और उनके हकों की आवाज को पुरजोर तरीके से उठाया। वो सदा स्मरणीय रहेंगे। इसके बाद भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर परशुराम चौंक पर पहुंचकर पुष्प अर्पित कर बधाई प्रेषित की। इस मौके पर मुख्य रूप से सुरजीत सन्धू, यशवीर राणा, धर्मवीर पाढा, प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुटेल, राम कुमार ऐबला, कविता धनखड़, जयपाल पूनिया, मेहर सिंह रोड, सुमेर काछवा, मनिन्द्र पूनिया, मन्नु कश्यप, नरेश सांभली, रामफल जुण्डला, ओम प्रकाश काम्बोज, एडवोकेट जय प्रकाश काम्बोज, राजेश बतान, सुरेश रोड, बलवान बाल्मीकि, अरुण कुमार, रघुबीर कल्याण रहे।

# गुंजन केरला पीटी ऊषा एकेडमी में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के गांव धंतौड़ी की बेटी गुंजन का केरला में विश्व की सर्वश्रेष्ठ धावक रही पीटी ऊषा की एकेडमी में चयन हुआ है। इस एकेडमी में खिलाड़ी गूंजन 800 मीटर दौड़ का प्रशिक्षण ग्रहण करेगी। अहम पहलु यह है कि इस खिलाड़ी को तराशने में हरियाणा खेल विभाग के प्रशिक्षक चांद राम का अहम योगदान है। इतना ही नहीं खिलाड़ी गूंजन धंतौड़ी से रोजाना सुबह व सायं के समय अपने पिता प्रदीप कुमार के साथ अभ्यास करने के लिए द्रोणाचार्य स्टेडियम में पहुंचती है। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने खिलाड़ी गूंजन और उनके प्रशिक्षक चांद राम को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह खिलाड़ी निश्चित ही आने वाले समय में सराहनीय प्रदर्शन करेगी और देश के लिए मेडल जीतेगी। इस खिलाड़ी ने पिछले 3 सालों में खूब मेहनत की है, जिसके परिणामस्वरूप ही केरला राज्य में भारत की नहीं विश्व की सर्वश्रेष्ठद धावक रही पीटी ऊषा की अकेडमी में चयन हुआ है। यह सभी खिलाड़ी पिछले 3 सालों से सुबह और सायं के समय द्रोणाचार्य स्टेडियम में अभ्यास कर रहे है। इस नर्सरी की खिलाड़ी गूंजन 800 मीटर दौड़ में लगातार अभ्यास कर रही है। इनकी मेहनत के कारण ही गूंजन का चयन पीटी ऊषा एकेडमी केरला के लिए हुआ है।

### अन्याय-अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करना चाहिए

**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम स्कूल में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान विद्यालय को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। छोटे-छोटे बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित सुंदर प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने नृत्य, गीत और लघु नाटिका के माध्यम से भगवान परशुराम के शौर्य, पराक्रम और ज्ञान का संदेश सभी को दिया।

# गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने वुशु चैंपियनशिप में पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने एक बार फिर अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए 18वीं जिला सब-जूनियर, यूथ और सीनियर पुरुष वुशु चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। यह प्रतियोगिता प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य स्टेडियम, कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई थी। इस रोमांचक प्रतियोगिता में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 35 ऊजार्वान खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं मेहनत से सबको प्रभावित किया। इन खिलाड़ियों में से 27 ने पदक जीतकर कुल 12 स्वर्ण, 6 रजत और 9 कांस्य पदकों के साथ एक शानदार उपलब्धि हासिल की। यह सफलता उनकी लगन, अनुशासन और अदम्य आत्मबल का परिचायक है। इस गौरवशाली अवसर पर गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों व कोच श्री रवि (डीपीई) को हार्दिक शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किए। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उपलब्धियां भविष्य में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता की राह खोलती हैं। प्रधानाचार्य सुबे प्रताप ने बताया कि गुरुकुल के प्रतिभागियों ने तकनीकी कौशल, अनुशासन और खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे यह प्रमाणित हुआ कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र न केवल शिक्षा में, बल्कि खेलों में भी उत्कृष्टता का केंद्र है। पूरे गुरुकुल परिवार ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विजेता खिलाड़ियों और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और मिलकर इस सफलता का जश्न मनाया।

इन खिलाड़ियों की उपलब्धि ने संस्थान के गौरवशाली इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है।

## खबर संक्षेप

### ठगी होने पर तत्काल शिकायत करें: एसपी

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करे या साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाए। यहा शिकायत करने के बाद फौरन कार्रवाई की जाएगी और तय किया जाएगा कि आपके अकाउंट से निकाले गए पैसे वापस मिल जाएं और अन्य अकाउंट्स में ट्रांसफर न किये जा सकें।

### मोबाइल छीनने का आरोपित गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने काकौदा गांव में पैदल जा रहे श्रमिक से मोबाइल छीनने वाले आरोपी अखलेश उर्फ गौतम निवासी दिहुली फिरौजाबाद यूपी को गिरफ्तार किया है। वहीं, सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि थाना इसराना में नरेंद्र पुत्र बिशुन दयाल निवासी मोहम्मदपुर नेपाल हाल भोला नाथ राइस मील गांव काकौदा की शिकायत पर केस दर्ज है।

### योजनाओं का लाभ लें किसान : उपायुक्त

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि सरकार ने कृषि क्षेत्र में किसानों के लिए अनेकों योजनाएं उपलब्ध कराई है ताकि उन्हें खेती में किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े वह इन लोग योजनाओं का लाभ लेकर किसान अपनी स्थिति को बदल सके। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक आत्माराम गोदारा ने योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

### माहौल खराब करने वालों पर होगी कार्रवाई

**पानीपत।** पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के बाद से पानीपत जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा की दृष्टिगत पूरी सावधानी बरती जा रही है। वहीं, उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि प्रशासन की संवेदनाए हमेशा हर व्यक्ति के साथ होती है, सभी को डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का इस्तेमाल केवल जन कल्याण के लिए करना चाहिए। उन्होंने साफ किया घृणास्पद व भड़काऊ भाषण देने, सामाजिक माहौल खराब करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

### एसडीओ सत्य प्रकाश मालिक रिटायर हुए

**पानीपत।** पंचायती राज विभाग में अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले सत्य प्रकाश मालिक उपमंडल अधिकारी 35 वर्ष की विभाग की सेवा प्रदान करने के बाद सेवानिवृत हो गए। उनके विदाई समारोह कार्यक्रम में प्रदेश के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शिरकत की व कहा कि उनकी शानदार सेवाओं के लिए उन्हें पूरा विभाग हमेशा याद रखेगा व जरूरत पड़ने पर उनकी फिर से सेवाएं भी ले सकता है।

### प्रभु परशुराम को श्रद्धांजलि दी

**समालखा।** जौरासी स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और प्रसाद वितरित किया गया। ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के जिला प्रधान डा. त्रिलोक शर्मा जौरासी ने कहा भगवान परशुराम जी, विष्णु भगवान के छठे अवतार हैं। जिन्होंने समाज में अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और न्याय की स्थापना की।

## श्री हनुमंत कथा अमृत महोत्सव 17 से 19 मई तक होगा : पं.निर्मल शास्त्री

# अमृत महोत्सव में पानीपत के 6000 परिवार भाग लेंगे

### बागेश्वर धाम धीरेंद्र शास्त्री पानीपत में कथा करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अखिल भारतीय श्री राम-नाम जागरण मंच एवं बागेश्वर धाम सेवा मंडल पानीपत के तत्वावधान में मंगलवार को स्काईलार्क में जहां नगर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ बैठक की गई। वहीं पत्रकार वार्ता भी हुई। जिसमें अखिल भारतीय श्री राम-नाम जागरण मंच के अध्यक्ष पंडित निर्मल शास्त्री ने बताया कि हरियाणा के पानीपत में सेक्टर 13 17 के हुडा मैदान में आगामी 17 से 19 मई तक श्री हनुमंत कथा अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास पूज्य बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज होंगे।

#### मुख्यमंत्री रहेंगे मौजूद

इस दौरान 108 कुण्डीय अखंड 72 घंटे श्री हनुमंत कृपा महायज्ञ भी होगा। जिसमें पानीपत के 6000 परिवार भाग लेंगे। शास्त्रीजी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान दो दिन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी कथा में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा विभिन्न मंत्री व विधायक एवं संस्थाओं के सम्मानित सदस्य भी कथा में मौजूद रहेंगे। वहीं 18 मई को बालाजी का भव्य दरबार सजाया जाएगा। जिसमें पर्ची निकालकर श्रद्धालु को मंच पर जाने का मौका मिलेगा। वहीं, बैठक का शुभारंभ सुर सम्राट लेखराज जताना द्वारा श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके की गई। इस दौरान ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम, हरिओम शास्त्री, सर्व संगठन सेवा संस्थान से सुरेश काबरा समेत बडी संख्या में विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भाग लिया।



पानीपत। अखिल भारतीय श्री राम–नाम जागरण मंच के अध्यक्ष पंडित निर्मल शास्त्री प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### दान देते समय विधि, पात्र, सामर्थ्य का ध्यान रखना



पानीपत। जैन मोहल्ला में श्री 1008 महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय (छोटा मंदिर) नवीनीकरण पंच दिवसीय महोत्सव में मंगलवार को गणिनी आर्यिका 105 आर्षमति माताजी के पावन सानिध्य में धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा के उपरांत श्री महावीर जिनालय (छोटा मंदिर) से श्री 1008 पार्श्वनाथ स्वामी की एक प्रतिमा याग मंडल विधान हेतु श्री दिगंबर जैन बडा मंदिर जी के नवीन जिनालय में सौधर्म इंद्र बने पुनीत जैन अपने मस्तक पर धारण कर लेकर आए। वहीं, मंदिर जी में पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा विराजमान कर अभिषेक एवं विश्व शांति कामना हेतु शांति धारा की गई। अष्टकुमारियों ने चौक पुराया एवं सौधर्म इंद्र, धनपति कुबेर एंव अन्य इंद्रो को हल्दी लगाकर शगुन किया गया। जबकि गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी ने कहा कि संसार में पैसे वाले का सम्मान नहीं है अपितु पैसे का दान करने वाले का सम्मान होता है। वहीं, दान देते समय विधि, पात्र और सामर्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।



पानीपत। भारत पेट्रोलियम के कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए डीलर्स।

## भारत पेट्रोलियम के ऑफिस पर डीलर्स ने किया प्रदर्शन

- कंपनी के बाहर काम कर रहे लोगों ने डीलरों से मारपीट की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के रिफाइनरी क्षेत्र स्थित भारत पेट्रोलियम कारपोंशन लिमिटेड यानि बीपीसीएल के ऑफिस के बाहर टैंकरों से तेल चोरी करने व पेट्रोल पंप डीलरों के साथ मारपीट करने के विरोध में राज्यस्तरीय धरना देकर प्रदर्शन किया गया। हरियाणा पेट्रोलियम डीलर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजीव चौधरी ने आरोप लगाया कि भारत पेट्रोलियम कारपोंशन लिमिटेड के संरक्षकों और अवैध रूप से कंपनी के बाहर काम कर रहे लोगों ने नकाब पहन कर डीलरों के साथ मारपीट की।

#### डीजीपी से मिलेंगे

चौधरी ने कहा कि इस बारे में हरियाणा पुलिस के महानिदेशक यानि डीजीपी शत्रुजीत कपूर से भी मिलेंगे। तीन दिन बाद अगर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं होती है तो पूर्ण रूप से पेट्रोलियम डीलर वेलफेयर एसोसिएशन अपने पेट्रोल पंप को बंद कर देगी और चाबियां मुख्यमंत्री को सौंप देगी। उन्होंने कहा कि यदि आरोपियों की तीन दिन के अंदर गिरफ्तारी नहीं हुई तो पुलिस विभाग को उधार में पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। जबकि दो ट्रांसपोर्टरों को ब्लैक लिस्ट करने की मांग भी की गई। स्मरणीय है कि बीपीसीएल के कार्यालय पर राजेंद्र सिंह निवासी कुरूक्षेत्र व सरदार रमन सिंह के साथ मारपीट की गई थी। राजेंद्र की शिकायत पर थाना सदर में केस दर्ज है।

## एक्सिस फाइनेंस ने दिशा होम लोन लॉन्च किया

**पानीपत।** एक्सिस फाइनेंस के एमडी और सीईओ, साई गिरिधर ने कहा,एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड (एएफएल) ने बताया कि अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर एक्सिस फाइनेंस दिशा होम लोन लॉन्च किया है। यह उत्पाद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और निम्न-आय वर्ग के होमबायर्स की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से पेश किया गया है। दिशा होम लोन में विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में लोगों की जरूरतों के अनुसार होम लोन समाधान प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है, और इसके साथ ही ऋण प्रक्रिया को बहुत सहज और सरल बनाने का भी प्रयास किया गया है।

## समालखा को स्वच्छ बनाएंगे: अमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान से प्रेरणा लेकर विधायक मनमोहन भडाना, एसडीएम अमित कुमार नगर पालिका सचिव मनीष शर्मा ,पब्लिक हेल्थ एसडीओ मोहित शर्मा के नेतृत्व में भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल की अगुवाई में समालखा बाजार में जीटी रोड़ से लेकर समालखा रेलवे स्टेशन तक सफाई अभियान चलाया गया।

स्वच्छता अभियान के दौरान मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल, महामंत्री नरेंद्र कौशिक, महामंत्री एडवोकेट रॉकी वर्मा, उपाध्यक्ष साहब सिंह रंगा, उपाध्यक्ष अजय शर्मा , वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राधे श्याम जिंदल मुकेश मित्तल, विपिन छाबडा, चेयरमैन अशोक कुच्छल, पार्षद एडवोकेट संजय गोयल, मनीष बेनीवाल, अनिल कालीरामना, रेनु धीमान, अजय काला, राजेश ठाकुर और पार्षद विनोद कुमार एवं अन्य सफाई कर्मचारी इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम पर उपस्थित रहे।



### नशे के खिलाफ जागरूक किया

**पानीपत।** पुलिस टीम ने मंगलवार को बिशन स्वरूप कॉलोनी स्थित आईसीएस कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने कहा कि छात्र नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें। खेल हमे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते है। समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने बारें प्ररित करें। जिला व गांव को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है।

## जनहितैषी है इनेलो: देशवाल

- पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व उपप्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल और पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में इनेलो का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। समालखा विधानसभा, इसराना और पानीपत शहरी एवं पानीपत ग्रामीण विधानसभा के पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व उपप्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल और पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित की। इनेलो नेता रणबीर देशवाल, दीपा देशवाल ने जहां अपने घर की छत पर इनेलो का झंडा फहराते हुए कहा कि ताऊ देवीलाल व चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के सपनों को साकार करने के लिए वे दिन रात जनसेवा करेंगे।

इधर, इनेलो के जिला प्रधान कुलदीप राठी, प्रदेश सचिव हेमराज जागलान, कपिल बुद्धिराजा, राजकुमार नंबरदार, शमशेर सिंह देशवाल, राजेन्द्र जागलान, राजू नांदल, कृष्ण भोकर, सुभाष निंबरी व रविन्द्र बिंझौल आदि ने भी इनेलो के संगठन को और मजबूत करने की बात कही।



पानीपत। इनेलो नेता रणवीर देशवाल व दीपा अपने घर क छत पर पार्टी का झंडा फहराते हुए।

### नारी सशक्तिकरण की प्रहरी है भाजपा

**पानीपत।** केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के पानीपत प्रतिनिधि के कार्यालय में पानीपत भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा ने ऊर्जा मंत्री के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा से आशीर्वाद लिया । इस अवसर पर भाजपा नेता गजेन्द्र सलूजा ने कहा कि यूं तो भाजपा की केंद्र ० प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं । इन योजनाओं का लाभ भी महिला समाज को मिला है लेकिन महिलाओं के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाक़ी है । महिला सशक्तिकरण को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए पार्टी हाई कमान ने अनेक जिलों के महिला मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त की हैं।

## किताबी ज्ञान तक सीमित ना रहें विद्यार्थी: डॉ शशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए मार्केटिंग फिएस्टा विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो छात्रों की मार्केटिंग क्षमताओं को परखने और निखारने के लिए करवाई गई थी। प्रतियोगिता का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि मार्केटिंग फिएस्टा जैसे आयोजन न केवल छात्रों को रचनात्मक बनाते हैं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी, पेशेवर और व्यावहारिक रूप से सक्षम भी बनाते हैं। विभागाध्यक्ष डॉ.सुनीत शर्मा ने भी छात्रों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता इस बात का प्रमाण है कि हमारी शिक्षा प्रणाली अब सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। प्रतियोगिता में अंशु, पूजा, वाशु, हिमांशु ने प्रथम, लव कुमार, वंश, पंकज, विष्णु, ध्रुव, प्रदीप व रिया ने द्वितीय, पार्थ, नितिन कुमार, नवीन व कुणाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



पानीपत। आईबी कॉलेज के विजेता विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो : हरिभूमि

## बहामास ने लॉन्च किया फुटवियर का कलेक्शन

- ये डिजाइन स्टाइलिश होने के साथ–साथ आरामदायक भी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारत के सबसे बड़े फुटवियर निर्माता रिलेक्सो फुटवियर्स लिमिटेड के ब्राण्ड बहामास ने कैज़ुअल फुटवियर के नए कलेक्शन का लॉन्च किया है, जो आराम के साथ रचनात्मक अभिव्यक्ति का अनूठा संयोजन है। नया कलेक्शन काफी आरामादायक दिखाई दे रहा है।

इस नई रेंज को भारत के जेन-ज़ी एवं मिलेनियल उपभोक्ताओं का ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है, जो अपने व्यक्तित्व को दर्शाने वाले फैशन की ओर तेज़ी से आकर्षित हो रहे हैं। नए, आकर्षक एवं रोमांचक डिज़ाइनों के साथ बहामास ने अपने स्टाइल गेम को इस तरह से आगे बढ़ाया है, कि यह स्टाइलिश होने के साथ-साथ आरामदायक भी है। वहीं अभिनेता सलमान खान के साथ फिल्माया गया यह कैंपेन युवा भारतीयों को संदेश देता है कि वे छोटी-मोटी बातों को भूलकर आनंदमय जीवनशैली को अपनाएं।

### बुआना के सरपंच पद की वोटिंग की रिकाउंटिंग होगी

**इसराना।** पानीपत के गांव लाखू बुआना की सरपंची के विवाद की जिला कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सभी पहलुओं पर सुनने के बाद रि-काउंटिंग करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने पानीपत चुनाव अधिकारी एवं उपायुक्त को निर्देश हैं कि वे ग्राम पंचायत बुआना लाखू के सरपंच पद के लिए बूथ संख्या 69 पर सात मई को अपनी देख रेख में पुनर्मतगणना करवाएं। आदेशों में कहा है कि उम्मीदवार अपने साथ एक प्रतिनिधि ले जाने के हकदार होंगे। वहीं, डीसी को निर्देश दिया जाता है कि वे उम्मीदवारों को पुनर्मतगणना के समय और स्थान के बारे में सूचित करें।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

श्याम सुन्दर पुत्र श्री प्रीतम लाल निवासी राम नगर, पानीपत।
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि श्याम सुन्दर पुत्र श्री प्रीतम लाल निवासी राम नगर, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री प्रीतम लाल पुत्र श्री रामानन्द निवासी मकान नम्बर 153, राम नगर, पानीपत, की दिनांक 26-03-1980 को मृत्यु हो चुकी है एवंम प्रार्थी की माता श्रीमति राधा रानी की भी दिनांक 16-05-2004 को मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये हैं। अंजली शर्मा वार्ड नम्बर 4, नगर निगम पार्षद पानीपत, व राजीव नम्बदार नूरवाला पानीपत, एवंम रवि पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है:-1- अशोक कुमार पुत्र ! मृतक व 2- शाम सुन्दर पुत्र, व गोबिन्द लाल पुत्र मृतक, व 4- सुरेश कुमार पुत्र, व 5-रमेश कुमार पुत्र, व 6- सरोज पुत्री, व 7- संध्या पुत्री श्री प्रीतम लाल पुत्र श्री रामानन्द यानि कुल 7 ही वारिस हैं। यह कि उपरोक्त वारसान में से अशोक कुमार की भी दिनांक 26-12-2018 को मृत्यु हो चुकी है। एंवम अशोक कुमार की धर्मपत्नी श्रीमति कृष्णा रानी जी की भी दिनांक 22-02-2006 को मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये हैं। 1- सुनील कुमार पुत्र, व 2- सीमा पुत्री, व 3- सोनिया रानी पुत्री, व 4- सुमन पुत्री, व 5- पूनम पुत्री श्री अशोक कुमार पुत्र श्री प्रीतम लाल यानि कुल 5 ही वारिस हैं। यह कि उपरोक्त वारसान में से गोबिन्द लाल की भी दिनांक 30-12-2022 को मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये हैं। 1- आशा रानी विधवा, व 2- सन्नी कुमार पुत्र, व - दीपक पुत्र, व 4- सोनिया पुत्री श्री गोबिन्द लाल पुत्र श्री प्रीतम लाल यानि कुल 4 ही वारिस हैं।

इनके इलावा मृतक प्रीतम लाल पुत्र श्री रामा नन्द का अन्य कोई वारिस / उतराधिकारी नहीं हैं। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवंम इतराज हो तो वह स्वंय / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 23-04-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम- सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## मानवता के लिए खतरा है आतंकी घटनाएं: पंवार

- राष्ट्रीय कबीरपंथी जुलाहा विकास महासभा ने दिवंगत आत्माओं को दी श्रद्धांजलि

**पानीपत।** राष्ट्रीय कबीरपंथी जुलाहा विकास महासभा एव श्री सद्गुरु कबीर जनसेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में कबीर आश्रम, ग्रीन पार्क, तहसील कैंप, पानीपत मे जम्मू कश्मीर के पहलगाम के 28 पर्यटकों के साथ घटित हुई दुर्घटना में शहीद हुये व्यक्तियों की दिवंगत आत्माओ की शांति के लिए मौन प्रार्थना सभा के रूप में श्रद्धांजलि सभा एव उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट हेतु महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ओमवीर सिंह पंवार अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजन किया गया। वहीं डॉ पंवार ने कहा कि सरकार को आतंवादियों व इसकी साजिश रचने वाले पाकिस्तान से सख्ती से निपटना चाहिए। आतंकी घटनाएं मानवता के लिए खतरा है। इस अवसर पर विकास करण, समिति प्रधान पदम सिंह, महेंद्र गाहल्याण, विकास कर्ण, पालेराम पवार, सत्यपाल नरवाल, विशवास तोमर आदि मौजूद रहे।



पानीपत। शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कबीरपंथी समाज।

**कथा श्रवण** देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रवचनों से किया निहाल

# स्कूलों में बच्चों को श्रीमद्भागवत गीता पढ़ाई जाए तो 91 प्रतिशत अपराध कम हो जाएंगे

- बच्चों को शिवकथा, श्रीमद्भागवत कथा आदि भी पढ़ाई जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जय बालाजी प्रचार सेवा समिति की ओर से प्राचीन देवी मंदिर में कथा को विराम देते हुए कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि यदि स्कूलों में बच्चों को श्रीमद्भागवत गीता पढ़ाई जाए तो समाज से 91 प्रतिशत अपराध कम हो जाएंगे। बच्चों को स्कूली पढ़ाई के साथ शिवकथा, श्रीमद्भागवत कथा आदि भी पढ़ानी चाहिए। ताकि बच्चे अपराध की तरफ न जाकर धार्मिक बने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें।

वहीं, देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने आरएसएस प्रांत प्रमुख राष्ट्रीय विचारक एवं चिंतक राजेश गोयल, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, शहरी विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलुजा, उपायुक्त दहिया, पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह, डीएसपी राजवीर सिंह समेत बडी संख्या में समाजसेवियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



पानीपत। श्री देवी मंदिर में कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर, डीएसपी राजवीर सिंह को सम्मानित करते हुए।

## खबर संक्षेप



### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी लक्की व लविश को गिरफ्तार किया है। मानकपुर के दलबीर सिंह ने 27 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने गांव मानकपुर में स्थित उसके घर में घुसकर अलमारी से सोना-जेवरात व नकद राशि चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### मारपीट के मामले में जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र कुमार को शामिल जांच किया है। गदौली गांव के पुनीत ने 22 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18 अप्रैल 2025 को आरोपी सुरेंद्र कुमार ने उसके पिता से मारपीट करते हुए उन्हें चोट पहुंचाई है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### वांछित आरोपी गिरफ्तार जेल भेजा

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मामले में वांछित आरोपी बलविंद्र सिंह उर्फ लंबा को काबू किया है। इस आरोपी को अदालत ने पीओ घोषित किया था। अदालत में अपने मामले की सुनवाई से आरोपी लगातार गैर हाजिर चल रहा था। इसी वजह से उसे पीओ घोषित किया गया था। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### लू को लेकर जारी की गई एडवाइजरी

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूंप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है।

### यादव को मिला प्रथम पुरस्कार

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी के दौरान 'स्वर्गीय प्रोफेसर राम दत्त इतिहासविद् शिक्षक उत्कृष्टता पुरस्कार' की शुरुआत की है। यह पुरस्कार डॉ. रोहित दत्त द्वारा प्रो. राम दत्त प्रतिष्ठित इतिहासकार एवं शिक्षाविद्, द्वारा उनकी श्रद्धांजलि स्वरूप शुरू किया गया। इस पुरस्कार का उद्देश्य इतिहास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करना शोध एवं शिक्षा के लिए प्रेरित करना है।

---

### पंचकूला के मौली में दलित दूल्हे को घोड़ी में बैठने से रोकने का मामला गरमाया

# सांसद चंद्रशेखर को रोका, 3 घंटे हंगामा, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 16 दिन का अल्टीमेटम

- मौली की घटनाक्रम बहुजन अस्मिता पर हमला
- आरोपियों की गिरफ्तारी न हुई तो फिर दिखाएंगे ताकत
- आरोपियों को सरकार व प्रशासन का संरक्षण प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



**मुलाना।** रेस्ट हाउस में सांसद चंद्रशेखर को घेरे खड़ी पुलिस। फोटो : हरिभूमि

पंचकूला के मौली गांव में दलित दूल्हे को घोड़ी में बैठने से रोकने पर पैदा हुए विवाद व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार को रायपुररानी में महापंचायत हुई। इस महापंचायत में हिस्सा लेने के लिए यूपी की नगीना लोकसभा सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद भी रवाना हुए थे। पर बीच रास्ते में ही साहा पुलिस ने सांसद को रोक लिया। पुलिस सांसद चंद्रशेखर रावण को लेकर मुलाना के रेस्ट हाउस में लेकर पहुंची। यहां पुलिस के अधिकारियों के साथ उनकी लंबी बातचीत हुई। पुलिस अधिकारियों ने सांसद चंद्रशेखर आजाद को लगभग तीन घंटे तक रोके रखा। इस दौरान रावण समर्थकों ने खूब हंगामा किया। पुलिस पर जानबूझकर सांसद चंद्रशेखर को रायपुररानी न जाने देने के भी आरोप लगाए गए। लंबी बातचीत के बाद पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस मामले में जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। । सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि वह हरियाणा के इस गंभीर मामले को संसद में भी उठाएंगे। इस दौरान पीड़ति परिवार ने भी सांसद चंद्रशेखर से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार बारात को रोकने के लिए जातिवादी गुंडों ने जानलेवा हमला किया। उन्होंने बताया कि बारात के बाद गांव में दलित समाज पर अत्याचार बढ़ा दिए गए। खासकर दलित लड़कियों को निशाना बनाया गया। एक बेटी के साथ तो अश्लीलता की हदें पार की गई। इस दौरान डीएसपी नारायणगढ़ सूरज चावला , डीएसपी पंचकूला सुखपाल सिंह, थाना प्रभारी रायपुररानी दलीप कुमार,थाना प्रभारी पड़ाव धर्मबीर, थाना मुलाना प्रभारी बलकार , थाना प्रभारी साहा करमवीर भी मौजूद रहे।

**आरोपियों को सरकार का संरक्षण**

सांसद चंद्रशेखर समर्थकों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें जबरन रेस्ट हाउस में रोके रखा। इसी वजह से वे रायपुररानी में आयोजित महापंचायत में हिस्सा नहीं ले पाए। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए सांसद चंद्रशेखर ने इस घटना को लोकतंत्र की हत्या करार दिया। उन्होंने कहा कि यह भाजपा सरकार की तानाशाही है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपियों को सरकार व प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है। इसी वजह से अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि मौली की यह घटना कोई साधारण सामाजिक टकराव नहीं है।

### संवेदनशील और गंभीर प्रकरण को संसद में उठाएंगे

"यह भारत के संविधान, सामाजिक न्याय और बहुजन आत्मसम्मान की रक्षा की लड़ाई बन चुकी है। यह स्पष्ट संकेत है कि देश के कई हिस्सों में अब भी जातिवादी मानसिकता संविधान से बड़ी मानी जाती है। लंबी बातचीत में सांसद चंद्रशेखर ने स्पष्ट कहा कि यह मामला केवल एक गांव का नहीं बल्कि पूरे समाज के आत्मसम्मान का है। पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया कि 15 दिन के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। सांसद ने कहा कि उन्होंने पुलिस को 16 दिन का समय दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 16 दिन तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे स्वयं सड़कों पर उतरकर न्याय की लड़ाई को आंदोलन में बदल देंगे।" उन्होंने कहा की वह 16 मई को सीएम आवास का घेराव करेंगे। सांसद आजाद ने यह भी घोषणा की कि वह हरियाणा के इस संवेदनशील और गंभीर प्रकरण को संसद में उठाएंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दलित दूल्हे को घोड़ी चढ़ने से रोकने का मामला नहीं है यह संविधान को चुनौती देने वाला अपराध है। अब भी देश के कई हिस्सों में जातिवादी मानसिकता, संविधान से बड़ी मानी जाती है।"

---

### गिरते लिंगानुपात को लेकर कार्रवाई

# दो अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच, एक मशीन सील की

- साहा में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्र को भी नोटिस, पंद्रह दिन में जवाब नहीं दिया तो विभाग करेगा मशीन सील की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

स्वास्थ्य विभाग की पीएनडीटी टीम ने घटते लिंगानुपात को काबू करने की कसरत शुरू की है। इसको लेकर जाच टीम ने अंबाला छावनी व साहा में चल रहे दो अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच की। इस दौरान कमियां मिलने पर छावनी के एक नर्सिंग होम में स्थित अल्ट्रासाउंड केंद्र की मशीन को सील कर दिया। साथ ही जांच के दौरान साहा के केंद्र को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। केंद्र संचालक को 15 दिनों में जवाब देने के लिए नोटिस दिया है। अगर समय पर जवाब नहीं दिया तो नियमों के अनुसार केंद्र को भी सील किया जा सकता है। जवाब नहीं देने तक मशीन को भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। जांच टीम को अंबाला छावनी स्थित नर्सिंग होम में पीएनडीटी की एंट्री में कमियां मिलीं थी। रिकॉड भी अधूरा था। पुराने रिकॉर्ड का भी सही तरीके से प्रबंधन नहीं था। केंद्र में भ्रूण लिंग जांच न करने संबंधित पोस्टर भी कम संख्या में लगाए थे। आमतौर पर अल्ट्रासाउंड केंद्रों में इस प्रकार के पोस्टर लगाए जाते हैं। साहा के केंद्र में जो भी पीएनडीटी का डाटा था वहीं सही तरीके से दिखाई नहीं दे रहा था। इसी कारण कारण बताओ नोटिस ही जारी किया गया है। जांच के दौरान पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. विपिन भंडारी, डॉ प्रवीण, डॉ. देवपाल शामिल रहे। बता दें कि जिला में 910 का लिंगानुपात चल रहा है। जबकि बीते वर्ष ये 913 था। बीते वर्ष के मुकाबले लिंगानुपात में कमी देखने को मिली है। इसके साथ प्रदेश स्तर पर भी जिला अंबाला का ग्राफ घटता जा रहा है। इसी कारण राज्य स्तरीय टीम ने भी बीते सप्ताह ही अंबाला का दौरा किया था। इसमें टीम की ओर से पीएनडीटी अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि लिंगानुपात को सुधारने के लिए लगातार दबिश देकर केंद्रों की जांच करें। जिला स्तरीय पीएनडीटी टीम की ओर से प्रत्येक तीन माह में अल्ट्रासाउंड केंद्र और एमटीपी केंद्रों की जांच कराई जाती है। जिसमें जरूरी दस्तावेजों की जांच होती है। जिला अंबाला में 85 अल्ट्रासाउंड केंद्र हैं। 28 एमटीपी केंद्र चल रहे हैं। एक बार सभी केंद्रों की जांच पूरी हो चुकी है। जांच के दौरान पंजीकरण और गर्भवतियों का रिकार्ड जांच जाता है। इससे पहले भी अंबाला शहर के रंजीत नगर में एमटीपी किट बेचने के चलते एक मेडिकल स्टोर को सील किया था। इसमें दुकान, एमआर और दवा बनाने वाली कंपनी का प्रबंधक भी काबू किया जा चुका है। एमटीपी किट की मदद से गर्भपात में आसानी होती है। इसी के चलते स्टोर को भी सील किया था।

---

### सैन माजरा गांव में शिविर आयोजित



**नारायणगढ़।** जागरुक शिविर में मौजूद किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ।

# किसानों को प्याज व लहसुन की पैदावार बढ़ाने के लिए किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

मंगलवार को राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र सलारू, करनाल द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के तहत जागरुक शिविर का आयोजन किया गया।इसमें उत्तरी राज्यों में प्याज का कलस्टर विकास संबंधी गतिविधियों के साथ गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री का उत्पादन कार्यक्रम के तहत एमआईडीएच योजना कार्यक्रम के तहत बागवानी फसलों के बारे में किसानों को अहम जानकारी दी गई। गांव सैन माजरा गांव में यह शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉक्टर आलोक सिंह सहायक निदेशक केंद्र प्रमुख ने प्याज एवं लहसुन के उत्पादन को बढाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और सभी लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद डॉक्टर देवेंद्र चहल ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर प्याज की नवीनतम प्रजातियों एवं उत्पादन तकनीक के बारे में डॉक्टर देवेंद्र उपाध्याय ने जानकारी दी। विमलेश कुमार तकनीकी अधिकारी ने प्याज और लहसुन के रख रखाव और भंडारण के बारे में जानकारी दी। अंत में मनोज कुमार पाठक ने प्याज और लहसुन में लगने वाले कीटों और बीमारियों तथा उनके उचित प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थिति लगभग 70 किसानों को योजना के तहत किचन गार्डन किट निशुल्क वितरित की गई।

---

# पहलगाम हमले के बाद रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षाबल मुस्तैद

### निरंतर चल रहा है चेकिंग अभियान, सुरक्षा के लिहाज से अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन बेहद संवेदनशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की चेकिंग करते जवान।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अंबाला छावनी व अंबाला शहर के के रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खासकर अंबाला छावनी के रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ अलर्ट मोड़ में दिखाई दे रही है। रेलवे स्टेशन पर जीआरपी के कर्मचारी एक-एक यात्री का समान चेक करते हुए दिखाई दिए। सुरक्षा की दृष्टि से अंबाला रेलवे स्टेशन को संवेदनशील माना जाता है। लिहाजा जीआरपी ऐसे माहौल में किसी भी तरह का कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। जिसको लेकर यह चेकिंग अभियान चलाया गया है।

आतंकी घटना के बाद देशभर में हाई अलर्ट जारी है। अंबाला शहर वह अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन को भी अति संवेदनशील रेलवे स्टेशन में माना जाता है। लिहाजा यहां पर भी जीआरपी और आरपीएफ ने सुरक्षा के चाक चौबंध प्रबंध किए हैं। जीआरपी के थाना प्रभारी खुद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामान की तलाशी ले रहे हैं। हर आने जाने वाले यात्री पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए जीआरपी के जवान देखे जा रहे हैं। थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया की एसपी रेलवे के सख्त आदेश हैं की सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देखते हुए अंबाला के दोनों रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में आरपीएफ और जीआरपी मिलकर न केवल सुरक्षा व्यवस्था का ख्याल कर रहे हैं। बल्कि आने जाने वाले यात्रियों को सजग रहने के लिए भी कह रहे हैं। यात्रियों को किसी भी तरह की अफवाह से बचने के साथ-साथ किसी भी अनजान व्यक्ति से कोई भी खाद्य सामग्री न लेने की भी सलाह दी जा रही है।

---

# है प्रीत जहां की रीत सदा, मैं गीत वहां के गाता हूं ...

### गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा आयोजित किया गया म्यूजिकल कार्यक्रम, 16 गायकों ने गीतों के जरिए मनोज कुमार को दी श्रद्धांजलि



**अंबाला।** कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते मुख्यअतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा सांय म्यूजिकल कार्यक्रम इक प्यार का नगमा है आयोजित किया गया। मार्गदर्शक मंडल सदस्य डॉ.संजय गौतम ने बताया कि भारतीय सिनेमा में राष्ट्रभक्ति से प्रेरित कई हिंदी फिल्मों के निर्माता,निर्देशक व अभिनेता स्वर्गीय मनोज कुमार की स्मृति में हुए इस आयोजन में सर्वप्रथम उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात उनके जीवन परिचय एवं राष्ट्र प्रेम का उल्लेख किया गया। गुदगुदी समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ एवं सभी पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन उपरांत शुरू हुए कार्यक्रम में अंबाला के अलावा पटियाला, लुधियाना व पंचकूला के 16 गायकों ने राष्ट्रभक्ति और प्रेम रस के गीतों से संगीत प्रेमियों को कार्यक्रम के अंत तक बांधे रखा। कार्यक्रम अधिकारी राकेश आहूजा द्वारा सुनाए गए पूरब और पश्चिम फिल्म के गीत है प्रीत जहां की रीत सदा"और क्रांति फिल्म के गीत अब के बरस तुझे धरती की रानी ने श्रोताओं में जोश भरा, अंबाला सिटी प्रभारी रोहित जैन और नैंसी ने ड्यूट सॉन्ग "मैं न भूलूंगा" सिंगर इंद्र परुथी और दीपांशी शर्मा ने टाइटल सांग "इक प्यार का नगमा प्रभारी इंद्रजीत सिंह लांबा और राजपुरा से प्रिया अरोड़ा ने ड्यूट सांग "जिंदगी की न टूटे लड़ी"...,सुरेंद्र धीमान ने "तौबा ये मतवाली चाल...,परमजीत सिंह भाटिया ने महबूब मेरे महबूब मेरे तू है तो दुनिया"...,ललित वर्मा ने दीवानों से ये मत पूछो"...,सुरेश कुमार ने मेरे देश की धरती सोना उगले...,कबीर भोला ने "रहा गर्दिशों में हरदम मेरे इश्क का सितारा सक्षम शर्मा ने और मन्नी सहगल ने गीत सुनाकर इस सुरमयी शाम को यादगार बनाया।

---



### जाट धर्मशाला की स्थाई व्यवस्था को ठीक करेंगे व धर्मशाला में लाइब्रेरी खोलेंगे

**कुरुक्षेत्र।** जाट सभा के चुनाव को लेकर कश्यप धर्मशाला में जाट धर्मशाला के प्रधान पद के प्रत्याशी जसमेर घराडसी ने समाज के लोगों के साथ बैठक की और कहा कि हमारा पैनल बनने के बाद धर्मशाला की स्थाई व्यवस्था को ठीक करेंगे, धर्मशाला में लाइब्रेरी खोलेंगे। धर्मशाला की सफाई व्यवस्था को ठीक करेंगे। धर्मशाला में यात्रियों की सुविधाओं के लिए अच्छा रहन-सहन व अच्छे भोजन की व्यवस्था करेंगे। अनुशासित स्टाफ रखेंगे व धर्मशाला की कानून व्यवस्था ठीक की जाएगी। महिलाओं के लिए अलग से रहन-सहन की व्यवस्था की जाएगी। यात्रियों के लिए ठहरने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था की जाएगी। धर्मशाला के लिए पहले की तरह अनाज इकट्ठा करने की व्यवस्था करेंगे जो पिछले कई साल से ठप पड़ी हुई है। पढ़ने वाली लड़कियों व लड़कों को धर्मशाला में ठहरने के लिए निशुल्क व्यवस्था करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

**मांग** मंत्री अनिल विज ने लोगों को दिलवाई शपथ, कहा आतंकी घटना से पूरे देश में शोक की लहर

### आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई का खुला समर्थन

# पहलगाम मामले में ईश्वर को साक्षी मानकर शपथ लेते हैं कि इस संघर्ष में सभी लोग पीएम मोदी के साथ

- आतंकियों पर कठोर कार्रवाई के लिए देश के लोगों का खौल रहा है खून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** लोगों को शपथ दिलवाते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि "पाक परस्त आतंकवादियों ने पहलगाम में हमला किया है। इससे सारे देश में रोष है। हम शपथ लेकर यह बताना चाहते हैं कि हिंदुस्तान का बच्चा-बच्चा तन, मन व धन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री जो भी निर्णय लेंगे सारा देश उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि शपथ की अंबाला छावनी से शुरूआत हो चुकी है। उम्मीद है कि देश के कौने-कौने में यह पैगाम जाएगा कि हम नरेंद्र मोदी के साथ है। विज ने मंगलवार को अंबाला छावनी के सुभाष पार्क के ओपन एयर थियटर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकियों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई को लेकर यहां मौजूद जनता को शपथ दिलवाई और कहा कि वह सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि देश जिस स्थिति से गुजर रहा है हम सब उनसे वाकिफ हैं। आतंकवादियों ने कश्मीर में 28 लोगों को नाम व धर्म पूछकर गोली मार दी। सारा देश इस घटना से उद्वेलित है। सबके दिल दहक रहे हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबको विश्वास दिलाया है कि इनको सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पाक को सबक सिखाने के लिए कुछ कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जैसे सिंधु-जल समझौता था उसे रोक दिया गया है। पानी सिंधु का पाकिस्तान में जाता था, उसके आगे पांच नदियां बनती थी। यह समझौता 1960 में हुआ था, जिसके तहत 3 नदियों का पानी पाकिस्तान व दो नदियों का पानी हिंदुस्तान को मिलता है। उन्होंने कहा कि इस समय सारे देश को एकजुट होना चाहिए। यह राजनीतिक मंच नहीं है हालांकि कुछ पार्टियां, कुछ लोग ऐसी बातें कर रहे हैं जो इस समय नहीं करनी चाहिए। पार्टियों में मतभेद हो सकता है लेकिन बाहरी हमलों को ध्यान में रखते हुए हम सबको एकजुट होकर मुकाबला करना चाहिए। इस दौरान कई कलाकारों ने देशभक्ति से भरे गीतों को गाकर उपस्थित लोगों को जोश से लबरेज किया।

कार्यक्रम में विज ने ओपन एयर थियटर की सीढ़ियों पर दर्शकों के बीच बैठते हुए गीतों को सुना व तालियां बजाते हुए उत्साह बढ़ाया। नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललिता प्रसाद के अलावा जसबीर सिंह जस्सी, किरणपाल चौहान, विजेंद्र चौहान, राजीव डिंपल, प्रवेश शर्मा, रवि बुद्धिराजा, अजय बवेजा, संजीव वालिया, बीएस बिंद्रा, श्याम सुंदर अरोड़ा, संजीव सोनी, आशीष अग्रवाल, दीपक भसीन, मदन लाल शर्मा व कई नपा सदस्य भी मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री करेंगे इंसाफ

इस अवसर पर मंत्री अनिल विज ने लोगों को शपथ दिलाई कि "पहलगाम में सैलानियों पर उग्रवादियों द्वारा धर्म पूछकर गोलियां चलाई है और इस घटना से जो परिस्थितियां उत्पन्न हुई हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसका पूरा इंसाफ करने का आश्वासन भारतवासियों को दिलाया है। मैं ईश्वर को साक्षी मानकर शपथ लेता हूं कि मैं इस संघर्ष में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हूं, मैं प्रण लेता हूं कि मैं तन, मन, धन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ दूंगा"। उन्होंने कहा कि हमने कई बार पाक को पराजित किया। 1965 में, 1971 में तथा कारगिल का युद्ध हुआ तब भी उसे परास्त किया। मगर इसके बावजूद पाकिस्तान को समझ नहीं आता, उसके छोटे से छोटे मंत्री मंदबुद्धि की तरह परमाणु युद्ध की बात करते हैं। यदि परमाणु युद्ध हो गया तो धरती पर पाकिस्तान का नामो-निशान भी नहीं रहेगा।